**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.: 2835**

**उत्तर देने की तारीख: 10.03.2026**

**पीएमएस-एससी योजना**

**2835. श्री मनोज कुमार:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले दस वर्षों के दौरान अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (पीएमएस-एससी) के अंतर्गत जारी और उपयोग की गई केंद्रीय और राज्य हिस्सेदारी की राशि का ब्यौरा क्या है तथा लाभार्थियों की वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि पीएमएस-एससी दिशानिर्देश, 2021 के अनुसार फ्रीशिप कार्ड लागू न होने और पूर्ण शुल्क की प्रतिपूर्ति न होने के कारण छात्र प्रभावित हो रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) बिहार राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय पीएमएस-एससी योजना के अंतर्गत शुल्क की मनमानी उच्चतम सीमा निर्धारित किए जाने का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस कारण से पिछले पांच वर्षों के दौरान बिहार को कुल 21,363 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता में से केवल 130 करोड़ रुपए प्राप्त हुए और केवल 3,57,111 छात्र ही लाभान्वित हुए; और

(ङ) यदि हां, तो बिहार में पीएमएस-एससी दिशानिर्देश, 2021 के तहत फ्रीशिप कार्ड के सख्त कार्यान्वयन और पूर्ण शुल्क प्रतिपूर्ति सुनिश्चित करने तथा शुल्क की मनमानी सीमा को रोकने के लिए केंद्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री रामदास आठवले)**

**(क) से (ङ):** सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के माध्यम से अनुसूचित जाति (एससी) के छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति नामक केन्द्र प्रायोजित योजना कार्यान्वित करता है। इस योजना के तहत, छात्रवृत्ति

प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) मोड के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के आधार से जुड़े बैंक खाते में जारी की जाती है। बिहार राज्य सहित देश भर में पिछले दस वित्तीय वर्षों के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार लाभार्थियों और संवितरण का ब्यौरा **अनुलग्नक-I में दिया गया है।**

पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (पीएमएस-एससी) के दिशा-निर्देशों में फ्रीशिप कार्ड का प्रावधान है जिसके तहत राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन पात्र छात्रों के लिए फीस का पूर्व-भुगतान किए बिना संस्थान में अध्ययन करने के लिए निःशुल्क फ्रीशिप कार्ड जारी करता है। छात्रवृत्ति का केंद्रीय हिस्सा राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा उनके राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से संबंधित किए गए भुगतान संबंधी डेटा को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर साझा करने के उपरांत जारी किया जाता है। यह योजना ओपन एंडेड और मांग आधारित है। इसके अलावा, राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की शुल्क निर्धारण/युक्तिकरण समिति द्वारा यथानिर्धारित ट्यूशन फीस सहित अनिवार्य गैर-वापसी योग्य शुल्क योजना के तहत वित्त पोषण पैटर्न के अनुसार लाभार्थियों को वितरित किया जाता है।

बिहार राज्य सरकार ने दिनांक 03.02.2026 के संकल्प के माध्यम से केंद्रीय/राज्य शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययन करने वाले अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक योजना के तहत पूर्ण भुगतान के साथ निर्धारित अनिवार्य शुल्क और ट्यूशन फीस का प्रावधान किया है।

योजनाओं के कार्यान्वयन के संबंध में अभ्यावेदन योजना के दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए कार्यान्वयन एजेंसी होने के नाते संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को तत्काल अग्रेषित किए जाते हैं।

**<u>अनुलग्नक-I</u>**

**पीएमएस-एससी योजना के संबंध में श्री मनोज कुमार द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2835, जिसका उत्तर दिनांक 10.03.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक-I**

वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2024-25 के दौरान अनुसूचित जाति (एससी) के छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति नामक केन्द्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या और संवितरित राशि {जारी केन्द्रीय सहायता (सीए)}

**(रुपये करोड़ में)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2015-16 | | 2016-17 | | 2017-18 | | 2018-19 | | 2019-20 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जारी की गई केंद्रीय सहायता | लाभार्थी | जारी की गई केंद्रीय सहायता | लाभार्थी | जारी की गई केंद्रीय सहायता | लाभार्थी | जारी की गई केंद्रीय सहायता | लाभार्थी | जारी की गई केंद्रीय सहायता | लाभार्थी |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 133.4 | 600089 | 143.9 | 685102 | 317.4 | 658534 | 90.0 | 660193 | 287.6 | 369316 |
| 2. | असम | 8.1 | 40236 | 16.9 | 38366 | 0.00* | 23874 | 15.0 | 7606 | 0.00* | 6668 |
| 3. | बिहार | 74.7 | 155000 | 40.8 | एनआर | 0.00* | 89213 | 0.00* | 96189 | 0.00* | 109869 |
| 4. | चंडीगढ़ | 0.00* | 2600 | 0.00* | 3000 | 1.4 | 2203 | 7.9 | 1086 | 0.00* | 769 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 6.2 | 86335 | 1.9 | 90871 | 39.0 | 95565 | 3.2 | 104900 | 3.2 | 96362 |
| 6. | दमन दीव और दादर नगर हवेली | 0.00* | 156 | 0.00* | 170 | 0.00* | एनआर | 0.00* | एनआर | 0.00* | - |
| 7. | दिल्ली | 0.00* | 27064 | 4.7 | एनआर | 0.00* | 20100 | 7.0 | 14057 | 1.9 | 19508 |
| 8. | गोवा | 0.1 | 247 | 0.00* | 108 | 0.1 | 280 | 0.00* | 280 | 0.00* | 201 |
| 9. | गुजरात | 59.6 | 159013 | 52.4 | 166582 | 143.4 | 131169 | 180.5 | 127102 | 0.00* | 131284 |
| 10. | हरियाणा | 68.6 | 76222 | 107.3 | 94377 | 0.00* | 123062 | 58.0 | 123062 | 0.00* | 91438 |
| 11. | हिमाचल प्रदेश | 27.0 | 48685 | 24.0 | 55213 | 74.2 | 33057 | 53.2 | 24949 | 0.00* | 20758 |
| 12. | जम्मू और कश्मीर | 0.9 | 12452 | 2.0 | 4094 | 13.6 | 11040 | 0.00* | 7159 | 0.00* | 11995 |
| 13. | झारखंड | 9.1 | 33733 | 20.7 | एनआर | 8.9 | 20177 | 17.2 | 22629 | 0.00* | 24038 |
| 14. | कर्नाटक | 38.4 | 318125 | 33.0 | 297478 | 395.4 | 322606 | 29.1 | 302286 | 121.4 | 330000 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15. | केरल | 16.4 | 120667 | 42.6 | 131314 | 83.9 | 132286 | 0.00* | 146998 | 9.8 | 139821 |
| 16. | मध्य प्रदेश | 103.0 | 288358 | 33.0 | 323642 | 230.4 | 361268 | 0.00* | 361268 | 0.00* | 339676 |
| 17. | महाराष्ट्र | 279.8 | 524232 | 106.6 | 404656 | 504.9 | 540993 | 1433.9 | 426506 | 0.00* | 325856 |
| 18. | मणिपुर | 6.2 | 4041 | 5.8 | 7310 | 7.5 | 6566 | 7.5 | 5516 | 7.9 | 8163 |
| 19. | मेघालय | 0.00* | 0.00 | 0.00* | 0.00 | 0.00* | 0.00 | 0.00* | 0.00 | 0.00* | 0.00 |
| 20 | ओडिशा | 89.9 | 179454 | 198.8 | 106668 | 47.4 | 202125 | 208.9 | 202917 | 140.7 | 169666 |
| 21. | पुडुचेरी | 0.00* | 5426 | 0.00* | एनआर | 0.00* | 6241 | 0.00* | 6241 | 0.00* | 6422 |
| 22 | पंजाब | 89.3 | 305822 | 280.0 | 309468 | 115.7 | 274730 | 631.3 | 200553 | 206.4 | 0 |
| 23 | राजस्थान | 82.5 | 143602 | 200.5 | 310639 | 329.3 | 191184 | 77.6 | 339157 | 314.5 | 457915 |
| 24 | सिक्किम | 1.6 | 291 | 2.5 | 328 | 0.00* | 361 | 1.0 | 387 | 1.0 | 464 |
| 25 | तमिलनाडु | 460.6 | 758290 | 743.2 | 796206 | 434.4 | 761114 | 1407.3 | 761114 | 925.8 | 611434 |
| 26 | तेलंगाना | 124.5 | 265108 | 331.6 | 278363 | 140.2 | 212706 | 0.00* | 272169 | 0.00* | 220381 |
| 27 | त्रिपुरा | 16.2 | 16765 | 19.0 | 14943 | 19.9 | 14652 | 25.9 | 16982 | 35.4 | 17992 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 469.0 | 947622 | 270.0 | 1095469 | 254.2 | 1238139 | 1672.8 | 1274740 | 655.1 | 1360376 |
| 29 | उत्तराखंड | 25.1 | 20194 | 73.0 | 39864 | 39.6 | 69504 | 0.00* | 73920 | 0.00* | 38077 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 22.8 | 540976 | 43.6 | 607744 | 212.5 | 382795 | 0.00* | 450004 | 0.00* | 518953 |
| | **कुल** | **2213.8** | **5680805** | **2798.7** | **5861975** | **3414.1** | **5925544** | **5928.1** | **6029970** | **2711.3** | **5427402** |

* राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अपेक्षित सूचना प्राप्त न होने के कारण निधियां जारी नहीं की जा सकीं

एनआर-रिपोर्ट नहीं किया गया

(रुपये करोड़ में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | | 2024-25 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जारी की गई केंद्रीय सहायता | लाभार्थी | जारी की गई केंद्रीय सहायता | लाभार्थी | जारी की गई केंद्रीय सहायता | लाभार्थी | जारी की गई केंद्रीय सहायता | लाभार्थी | जारी की गई केंद्रीय सहायता | लाभार्थी |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 450.0 | 409678 | 298.5 | 243823 | 372.5 | 238915 | 200.5 | 195269 | 605.7 | 3,03,298 |
| 2. | असम | 18.0 | 7942 | 0.00 | 0.00 | 9.2 | 11140 | 13.9 | 8426 | 8.7 | 12,073 |
| 3. | बिहार | 47.8 | 78181 | 0.00 | 0.00 | 37.5 | 136340 | 21.2 | 68975 | 23.9 | 73,615 |
| 4. | चंडीगढ़ | 0.00 | 1128 | 1.5 | 899 | 2.4 | 876 | 0.5 | 287 | 2.7 | 1,253 |
| 5. | छतीसगढ़ | 38.5 | 101987 | 29.0 | 87464 | 45.0 | 96267 | 36.1 | 79237 | 39.9 | 87,675 |
| 6. | दमन दीव और दादर नगर हवेली | 0.00 | 142 | 0.00 | 0.00 | 0.2 | 98 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 7. | दिल्ली | 0.00 | 20709 | 0.00 | 0.00 | 13.6 | 7531 | 9.9 | 3,160 | 22.1 | 4,692 |
| 8. | गोवा | 0.00 | 66 | 0.00 | 0.00 | 0.00031 | 1 | 0.04 | 34 | 0.08 | 58 |
| 9. | गुजरात | 170.3 | 145413 | 102.5 | 97697 | 220.2 | 113531 | 384.2 | 1,79,116 | 399.9 | 1,57,584 |
| 10. | हरियाणा | 0.00 | 68183 | 0.00 | 0.00 | 131.5 | 87913 | 120.5 | 70,464 | 94.8 | 55,444 |
| 11. | हिमाचल प्रदेश | 11.3 | 16445 | 0.00 | 0.00 | 17.6 | 21502 | 22.4 | 23,959 | 35.6 | 33,149 |
| 12. | जम्मू और कश्मीर | 0.00 | 9856 | 0.03 | 100 | 5.4 | 10097 | 4.6 | 7,370 | 4.0 | 6,567 |
| 13. | झारखंड | 13.4 | 30608 | 4.1 | 7805 | 18.1 | 33922 | 31.3 | 44,610 | 45.0 | 57,784 |
| 14. | कर्नाटक | 252.7 | 318389 | 65.4 | 131448 | 342.0 | 458548 | 421.0 | 4,03,965 | 422.9 | 4,04,008 |
| 15. | केरल | 86.8 | 125898 | 45.7 | 90866 | 56.8 | 42521 | 119.1 | 1,55,319 | 160.7 | 1,47,531 |
| 16. | मध्य प्रदेश | 319.4 | 475993 | 8.2 | 48270 | 335.0 | 445319 | 366.8 | 3,46,289 | 486.7 | 6,36,303 |
| 17. | महाराष्ट्र | 558.0 | 391778 | 63.0 | 68576 | 359.4 | 148573 | 1652.9 | 7,49,317 | 929.9 | 3,62,808 |
| 18. | मणिपुर | 6.8 | 6096 | 0.00 | 0.00 | 7.3 | 8988 | 1.9 | 2,125 | 6.7 | 7,938 |
| 19. | मेघालय | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.10 | 25 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20. | ओडिशा | 130.6 | 173264 | 78.2 | 75530 | 338.3 | 299369 | 127.4 | 1,43,861 | 181.5 | 1,91,873 |
| 21. | पुडुचेरी | 2.2 | 4303 | 0.00 | 0.00 | 3.6 | 3904 | 2.8 | 2,564 | 3.2 | 2,694 |
| 22. | पंजाब | 191.5 | 176482 | 209.7 | 152157 | 62.8 | 40708 | 284.8 | 1,99,508 | 410.4 | 2,94,284 |
| 23. | राजस्थान | 284.0 | 365604 | 95.6 | 217176 | 241.3 | 303252 | 147.1 | 1,51,922 | 180.5 | 2,29,002 |
| 24. | सिक्किम | 0.8 | 351 | 0.00 | 0.00 | 0.7 | 448 | 0.52 | 216 | 0.4 | 172 |
| 25. | तमिलनाडु | 120.2 | 654131 | 278.8 | 441672 | 726.2 | 543772 | 713.7 | 6,43,761 | 1032.0 | 9,34,793 |
| 26. | तेलंगाना | 245.0 | 223613 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00# | 0.00# |
| 27. | त्रिपुरा | 30.3 | 14721 | 0.00 | 0.00 | 38.9 | 22278 | 40.9 | 16,858 | 51.6 | 19,849 |
| 28. | उत्तर प्रदेश | 892.3 | 802648 | 537.2 | 868554 | 926.0 | 1269634 | 674.8 | 9,49,934 | 366.0 | 6,44,827 |
| 29. | उत्तराखंड | 9.7 | 30530 | 0.00 | 0.00 | 12.5 | 27735 | 12.9 | 23,804 | 19.6 | 26,216 |
| 30. | पश्चिम बंगाल | 128.1 | 361943 | 112.2 | 493099 | 63.3 | 273953 | 62.4 | 2,68,228 | 26.6 | 1,08,693 |
| | **कुल** | **4008.6** | **5016082** | **1930.3** | **3025136** | **4388.3** | **4647135** | **5475.4** | **4738578** | **5562.2** | **4804208** |

# तेलंगाना राज्य 2024-25 से ऑन-बोर्ड है और केंद्रीय पोर्टल पर तेलंगाना राज्य से इसके हिस्से का भुगतान डेटा प्राप्त नहीं हुआ है।

*****